पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

———————

**राजभवन में आयोजित पुष्प प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण**

———————

**हमे अपने बच्चों को ऐसे संस्कार देने चाहिये कि वे फल, फूल, पेड़—पौधों से प्यार करें**

————————

**व्यक्ति को चाहिये कि वे अपने जल स्रोतों तथा पेड़ पौधों के संरक्षण का हर सम्भव प्रयास करें**

———————

**कृषक जैविक खेती को बढ़ावा दें**

————————

**सर्वाधिक 139 अंक प्राप्त करने के लिये अधीक्षक राजभवन उद्यान को अतिविशिष्ट चल बैजयन्ती**

**—श्रीमती आनंदीबेन पटेल**

————————

**किसान प्रगतिशील खेती एवं उद्यान विधियों को अपनाकर कम लागत में अधिक आय प्राप्त करे — दुर्गा शंकर मिश्र**

——————

**लखनऊः 6 मार्च, 2022**

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन में आयोजित त्रिदिवसीय फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी के समापन अवसर पर प्रतिस्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किये। इस अवसर पर उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रदेश स्तरीय इस प्रदर्शनी के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बागवानी के क्षेत्र में नित नये हो रहे विकास, नवीन किस्मों, उनकी उत्पादन तकनीक तथा संबंधित जानकारियों से जनसाधारण को अवगत कराना है। शहरी जीवन की व्यस्तता को देखते हुए पुष्पों के रूप में प्रकृति की अनमोल देन से नैसर्गिक सुख प्राप्त करने के अवसर प्रदान कराना है। मुझे खुशी है कि इस प्रदर्शनी को निरन्तर बेहतर रूप में आयोजित किये जाने के प्रयास समिति एवं उद्यान विभाग द्वारा किये जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राजभवन के सुरम्य प्रांगण में आयोजित इस प्रदर्शनी में भाग लेने वाले कृषकों, बागवानों, सरकारी व गैर सरकारी उद्यानों के प्रतिभागियों को बधाई देती हूँ, जिन्होंने पूरी दिलचस्पी लेकर आकर्षक नमूनों का प्रदर्शन करके सराहनीय योगदान दिया है। मैं प्रदर्शनी में फल, शाकभाजी और पुष्प प्रतियोगिताओं के विजेताओं को बधाई देती हूँ। इसके साथ ही मैं उन लोगों को भी हार्दिक शुभकामनाएं देती हूँ, जिन्हें पुरस्कार प्राप्त नहीं हो सके। उन्हें अगली बार और अधिक उत्साह से इस प्रदर्शनी में भाग लेने की तैयारी अभी से शुरू कर देनी चाहिये।

राज्यपाल जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की आबादी 130 करोड़ से अधिक है यदि एक व्यक्ति एक पौधा लगाये और उसकी देख–भाल करें तो देश में शुद्ध वायु एवं जल की कोई कमी नही होगी। उन्होंने कहा कि हमे अपने बच्चों को ऐसे संस्कार देने चाहिये कि वे फल, फूल, पेड़–पौधों से प्यार करें। हर व्यक्ति को चाहिये कि वे अपने जल स्रोतों तथा पेड़ पौधों के संरक्षण का हर सम्भव प्रयास करें तथा जैविक खेती को बढ़ावा दें।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने कहा कि प्रदर्शनी में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विजेताओं की श्रृंखला के अंतर्गत पूरी प्रदर्शनी में सर्वाधिक 139 अंक प्राप्त करने के लिये अधीक्षक राजभवन उद्यान को अतिविशिष्ट चल बैजयन्ती तथा 11 हजार रूपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया, जबकि 73 अंको के साथ व्यक्तिगत वर्ग में लामार्टीनियर कॉलेज के चल कप व 51 हजार रूपये का नकद पुरस्कार, 66 अंको के साथ प्रतियोगी संख्या 157 को चल कप व 31 हजार की नगद पुरस्कार तथा 59 अंको के साथ प्रतियोगी संख्या 168 को चल कप व 11 हजार रूपये का नकद पुरस्कार राज्यपाल जी ने प्रदान किया। 4 से 9 वर्ष आयु वर्ग में कलात्मक पुष्प सज्जा के लिये प्रथम पुरस्कार पाने वालों में संस्कृति टण्डन, यश दीक्षित, माडल मान्टेसरी, प्रतिष्ठा धुसिया आदि शामिल है।

राज्यपाल जी ने विभिन्न एकल प्रतियोगिताओं में शाकभाजी के लिये हरीश चन्द्र सक्सेना चल बैजयन्ती अधीक्षक जिला कारागार सीतापुर, यूरोपियन सब्जियां सभी प्रतियोगियों के लिये चल बैजयन्ती जय प्रकाश निषाद, लखनऊ को संस्थाओं द्वारा उद्यानों में गमले के अनुरक्षित पौधों के लिये मेसर्स मलिक नर्सरी चल कप, लखनऊ विकास प्राधिकरणों को, गमलों के कलात्मक समूह के लिये स्व0 बृज किशोर श्रीवास्तव चल

बैजयन्ती यू0पी0 मेट्रो कार्पोरेशन, गुलाब के कटे फूलों के लिये स्व0 शिवधन यादव चल बैजयन्ती सीमैप लखनऊ को प्रदान किया गया, व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धाओं में फोटोग्राफी के लिये राज्यपाल चल बैजयन्ती प्रशांत कुमार सिंह, हाइब्रिड शाकभाजी में विश्व नरायन श्रीवास्तव, पॉलीहाउस उत्पादित सब्जियों के लिये पोद्दार नेस्ट जेन फर्म बुलन्दशहर दिया गया, मौनपालकों के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये संयुक्त रूप से ओम प्रकाश हरदोई तथा राजकीय मौन पालक उपकेन्द्र आलमबाग को पुरस्कृत किया गया। कलात्मक पुष्प सज्जा (केवल महिलाये) संयुक्त रूप से स्वाती सिंह व शक्ति निगम लखनऊ, फूलों से बनी आकृतियों के लिये संयुक्त रूप से मेट्रो कार्पोरेशन व प्रशांत कुमार सिंह तथा पॉली हाउस में उत्पादित पुष्प को खेती वाले कृषक प्रतिस्पर्धा में संयुक्त विजेता कैलाश नाथ मौर्य व दिनेश कुमार को दिया गया। जबकि राजकीय सेवा में सेवारत अधिकारियों की श्रंखला में हाड्रोयोनिक्स विधि से सब्जियों की खेती के लिये अपर मुख्य सचिव उद्यान एम0वी0एस0 रामी रेड्डी को प्रदान किया गया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र जी ने बताया कि इस बार प्रदर्शनी में अब तक 1 लाख से अधिक उद्यान प्रेमियों ने भ्रमण किया है। उन्होंने प्रदर्शनी में प्रगतिशील किसानों के प्रदर्शों की प्रशंसा की और कहा कि देश में किसान प्रगतिशील खेती एवं उद्यान विधियों को अपनाकर कम लागत में अधिक आय प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया प्रतिभागियों द्वारा बड़ी संख्या में विविधता के साथ प्रदर्शनी में प्रतिभाग किया गया, जिन्हें कुल 889 पुरस्कारों से सम्मानित कर उनका हौंसला बढ़ाया गया है।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल श्री महेश कुमार गुप्ता, अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण एम0वी0एस0 रामी रेड्डी, मण्डलायुक्त रंजन कुमार, निदेशक उद्यान डॉ0 आर0के0 तोमर, पुरस्कृत प्रतिभागी सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में प्रदर्शनी देखने आये लोग भी उपस्थित थे।

——————

राम मनोहर त्रिपाठी /राजभवन (165/19)

सम्पर्क सूत्र
9453005360






